उक्त जानकारी को हिन्दी भाषा में बोलकर भी बताया जाता है।

## सिंचाई तिथि अनुपालन हेतु सुझाव

- गन्ना बुवाई की तारीख सदैव स्मरण रखें।
- गन्ने की बावक तथा पेंड़ी फसल के लिए प्रत्येक सिंचाई में 75 मिमी. पानी का प्रयोग किया जाना चाहिए।
- सिंचाई की नालियों को खर–पतवार एंव टूट-फूट से मुक्त रखें।
- बुवाई से पहले पलेवा किए जाने की दशा में पलेवा की तिथि पिछली सिंचाई की तिथि मानी जाएगी।
- ग्रीष्म ऋतु (अप्रैल-जून) के दौरान गन्ने की गुड़ाई के बाद की सिंचाई तिथि का निर्धारण स्वयं करें तत्पश्चात अगली सिंचाई के लिए मोबाइल ऐप्प का प्रयोग करें।
- नत्रजन पोषक तत्व की आपूर्ति के लिए यूरिया का प्रयोग सदैव सिंचाई के दो दिन बाद गन्ने की पंक्तियों के बगल में करें तत्पश्चात हल्की गुड़ाई कर दें।
- वर्षा ऋतु (जुलाई-सितंम्बर) के दौरान सिंचाई तिथि के निर्धारण एवं सिंचाई के लिए मौसम पूर्वानुमान का अवश्य ध्यान रखें।
- निकट भविष्य में भारी वर्षा की स्थिति में वर्षा समाप्त होने के तीन दिन बाद की तारीख को पिछली सिंचाई की तिथि समझा जाय।
- एक बार सिंचाई हो जाने के बाद 10 मिमी या उससे कम वर्षा होने की स्थिति में पिछली सिंचाई की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं होगा।
- गन्ने की कटाई से लगभग एक माह पूर्व सिंचाई करना बन्द कर देना चाहिए।

## इक्षु केदार ऐप्प की विशेषताएं

- यह ऐप्प वैज्ञानिक गणना पर आधारित है।
- इस ऐप्प को किसानों के लिए उपयोगी बनाने हेतु इसे हिन्दी भाषा में बनाया गया है।
- यह ऐप्प अत्यन्त ही सरल है जिससे इसका उपयोग करना बहुत आसान है।
- इस ऐप्प में सिंचाई की तिथि क्या है इसको लिखकर एवं बोलकर भी बताया जाता है।
- इस ऐप्प के परिणामों को सही तरीके से चलाने एवं लागू करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश ऐप्प में ही दिये गये हैं।
- यह ऐप्प गन्ना फसल की बावक एवं पेड़ी फसल दोनों में ही उपयोग किया जा सकता है
- यह ऐप्प शरदकालीन, बसन्तकालीन एवं ग्रीष्मकालीन गन्ना फसल के लिए उपयोगी है।
- यह ऐप्प गन्ना फसल में अनावश्यक सिंचाई करने से बचाने में उपयोगी है।
- यह ऐप्प अगेती एवं मध्यम अवधि की गन्ना किस्मों के लिए उपयोगी है।
- यह ऐप्प वर्षा होने की स्थिति में भी उपयोगी है।
- यह ऐप्प पलेवा करके गन्ना फसल की बुआई करके सिंचाई तिथि जानने में भी उपयोगी है।
- इस ऐप्प में फसल की परिपक्व अवस्था में सिंचाई न करने हेतु सुझाव दिये गये हैं।
- इस ऐप्प में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की स्थापना से संबंधित सूचना संक्षेप में दी गयी है।

## निष्कर्ष

गन्ना फसल अधिक पानी चाहने वाली फसल है तथा इस फसल का उत्तर भारत में क्षेत्रफल सम्पूर्ण देश के क्षेत्रफल का लगभग 60 प्रतिशत है। उत्तर भारत के लगभग 98 प्रतिशत भाग में कुल पानी लागत का करीब 40 प्रतिशत भाग सतही सिंचाई से किया जाता है। चूंकि सतही सिंचाई का मुख्य श्रोत (80 प्रतिशत) भूजल है जिसका स्तर 2-3 मीटर प्रतिवर्ष की दर से उत्तर-पश्चिमी भारत में घट रहा है, इसलिए गन्ना फसल में उचित अवस्था पर दक्ष सिंचाई विधि अपनाने की तत्काल आवश्यकता है। इक्षु केदार मोबाइल ऐप्प गन्ना फसल में वैज्ञानिक विधि का उपयोग कर सिंचाई तिथि निर्धारण करने में सक्षम है। यह ऐप्प गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है जिसका गन्ना उत्पादक उत्तर भारतीय राज्यों में प्रयोग कर अधिक गन्ना उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं एवं सिंचाई जल दक्षता भी बढ़ा सकते हैं। साथ ही बार-बार की जाने वाली अनावश्यक सिंचाई में प्रयुक्त जल की बचत भी की जा सकती है।

प्रसार साहित्य : 2022 / 10

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें
निदेशक
भाकृअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान
लखनऊ रायबरेली रोड़, पोस्ट दिलकुशा,
लखनऊ - 226 002
फोन : 0522-2480726, फैक्स : 0522-2480738
ई-मेल : director.sugarcane@icar.gov.in
वेबसाइट : www.iisr.icar.gov.in

# इक्षु केदार

गन्ना सिंचाई के लिए मोबाइल ऐप्प




आलेख
राम रतन वर्मा, सय्यद सरफराज़ हसन,
तपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पुष्पा सिंह

प्रकाशक
डॉ. ए. डी. पाठक

भाकृअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान
लखनऊ - 226 002

## इक्षु केदार क्या है ?

इक्षु केदार उत्तर भारतीय जलवायु दशाओं के लिए गन्ना फसल में सिंचाई हेतु वैज्ञानिक गणना के आधार पर विकसित एक मोबाइल ऐप्प है। इसे एण्ड्राइड मोबाइल फोन के माध्यम से उपयोग में लाया जाता है। इस ऐप्प से सिंचाई जल दक्षता एवं जल उत्पादकता में वृद्धि द्वारा गन्ने की फसल से मिलने वाले लाभ को बढ़ाया जा सकता है। यह ऐप्प उपयोगकर्ता को फसल में अगली सिंचाई की तिथि की जानकारी प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, इस ऐप्प का उपयोग एक निश्चित तिथि पर सिंचाई करने की पुष्टि के लिए भी कर सकते हैं। इसके उपयोग से गन्ना फसल की बार-बार अनावश्यक सिंचाई में प्रयुक्त जल की बचत की जा सकती है।

## इक्षु केदार ऐप्प को मोबाइल फोन में कैसे इंस्टाल करें ?

1. इक्षु केदार मोबाइल ऐप्प को एण्ड्राइड मोबाइल फोन में इंस्टाल करने के लिए गूगल प्ले स्टोर में जाकर ***"Ikshu Kedar"*** टाइप करके अथवा इस लिंक पर क्लिक करके खोजा जा सकता है।


   https://play.google.com/store/apps/details?id=in.gov.icar.iisr.irrigationmanagementinsugarcane
2. इसके उपरान्त इक्षु केदार मोबाइल ऐप्प के 'लोगो' पर क्लिक करना है जिससे एक नया विंडो खुलेगा।
3. इस नये विन्डो में इंस्टाल (Install) विकल्प पर क्लिक करने से यह ऐप्प मोबाइल फोन में डाउनलोड और इंस्टाल हो जायेगा।
4. इसके उपयोग हेतु इसी विंडों में ओपेन (Open) बटन को क्लिक करके अथवा मोबाइल फोन की होम स्क्रीन पर जाकर इसके "लोगो" पर क्लिक करके इस ऐप्प का उपयोग किया जा सकता है।

## इक्षु केदार ऐप्प प्रयोग करने के विभिन्न चरण


1. मोबाइल स्क्रीन के होम पेज पर जाकर इक्षु केदार के लोगो पर क्लिक करके मोबाइल ऐप्प का होम पेज खुलेगा (चित्र में देखें) यहाँ से "आगे जाएं" विकल्प पर क्लिक करें।





2. "आगे जाएं" विकल्प पर क्लिक करने पर ऐप्प का एक नया पेज खुलेगा (चित्र में देखें) इस पेज पर "अगली सिंचाई की तिथि पता करें" विकल्प पर क्लिक करें।




3. सिंचाई की तिथि पता करने के लिए "अगली सिंचाई की तिथि पता करें" विकल्प पर क्लिक करने पर ऐप्प का एक और नया पेज खुलेगा (चित्र में देखें)। इसी पेज पर बुवाई की तिथि एवं पिछली सिंचाई की तिथि सेट करने के विकल्प दिये हैं। जिन्हें उनके आगे लिखे "तिथि सेट करें" विकल्प पर क्लिक करने से एक कैलेण्डर खुलकर मोबाइल स्क्रीन पर आ जाता है यहाँ से बुवाई की तिथि चुनें, इसी भाँति पिछली सिंचाई की तिथि भी सेट करें। दोनों तिथियाँ सेट करने के उपरान्त "अगली सिंचाई की तिथि पता करें" विकल्प पर क्लिक करें।




4. "अगली सिंचाई की तिथि पता करें" विकल्प पर क्लिक करने पर इसी पेज के नीचे अगली सिंचाई की उचित तिथि क्या है यह लिखकर आ जाता है (चित्र में देखें) तथा इसी तिथि को बोलकर भी बताया जाता है।




5. एक निश्चित तिथि पर गन्ना फसल में सिंचाई करना उचित है या नहीं यह जानने के लिए चरण दो में बताए हुए ऐप्प के पेज पर जाकर "अगली सिंचाई तिथि से जाचें" विकल्प पर क्लिक करें।
6. "अगली सिंचाई तिथि से जाचें" विकल्प पर क्लिक करने से ऐप्प का एक नया पेज खुल जायेगा (चित्र में देखें)। इस पेज पर बुवाई की तिथि, पिछली सिंचाई की तिथि एवं जिस तिथि पर अगली सिंचाई की पुष्टि चाहते हैं उन्हें सेट करने के विकल्प दिये गये हैं। तीनों विकल्पों को सेट करने के उपरान्त "अगली सिंचाई की तिथि पता करें" विकल्प पर क्लिक करें ।




7. "अगली सिंचाई की तिथि पता करें" विकल्प पर क्लिक करने के उपरान्त ऐप्प के इसी पेज पर नीचे की तरफ यह लिखकर आ जाता है कि उपरोक्त तिथि पर सिंचाई करना उचित है या नहीं (चित्र में देखें)।

